# Third Periodic Test – December 2019

Hindi (SL)

Class: X
Date: 10-12-2019

Time Allowed : 3 Hrs
Maximum Marks: 80

---

**1. Attempt all the questions.**

**2. Number the answers properly**

---

खंड-'क'

(1) गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

वृक्षों में भी पीपल या अस्वत्थ का विशेष महत्व है। शंकराचार्य जी के अनुसार संसार को अश्वत्थ नाम व्युत्पत्ति के आधार पर दिया गया है। 'अश्वत्थ' शब्द को दो भाग में इस प्रकार विभाजित किया है - 'श्व' तथा 'त्थ'| 'श्व' का अर्थ आगामी कल है तथा 'त्थ' का अर्थ है स्थित रहने वाला| यह हिमालय की ऊँचाइयों को छोड़कर सर्वत्र पाया जाता है। यह बरगद का भाई है, कभी-कभी बरगद-पीपल दोनों के लिए अस्वत्थ का प्रयोग हुआ है। पर बरगद से पीपल इसलिए विशिष्ट है कि यह सर्वांग मनोहर है, विशेषकर जब इसमें नए किसलय निकलते हैं और बिना किसी हवा के संस्पर्श के हिलते दिखते हैं, तो ऐसा लगता है कि हज़ार-हज़ार छोटी-छोटी झंडियाँ किसी विशेष आगमन की सूचना देती हैं। पलाश के फूल तो अंगारे की तरह दिखते हैं, पर पीपल के लिए नए पल्लव तो ऐसे मनोहर होते हैं कि हज़ार-हज़ार पक्षी दौड़-दौड़ कर आते हैं।

पीपल का पेड़ भारत का दुर्निवार पेड़ है, इसे कोई लगाए न लगाए, कहीं उग आता है, पुराने मकानों की संधियों में चिड़िया पीपल का गोदा खाकर उसके बीज बिखेर जाती है, पीपल उग आता है। किसी -किसी पेड़ की डाली पर बीज पड़ जाता है,पीपल उग आता है और दूर-दूर तक अपनी जड़ें फ़ैलाता जाता है। गाँवों में लोग इसे काटते हुए डरते हैं। पीपल का पेड़ बड़ा पवित्र है। पीपल की छाँव में गाँवों में पंचायत जुटती थी, ताकि लोग वहाँ झूठ न कहें। पीपल सत्य का प्रतीक है,क्योंकि इसमें निरंतरता है। गाँवों में पीपल को वासुदेव कहते हैं| श्रीकृष्ण ने गीता में अपने को वृक्षों में अश्वत्थ अर्थात पीपल ही घोषित किया है। पीपल के पेड़ में मरे व्यक्ति का दाह हो जाने पर उसका जीवन घट बाँधा जाता है, दस दिनों तक उस घड़े से एक बूँद रिसता जल पीपल को सींचता है, ताकि जीवन की निरंतरता बनी रहे। पीपल सृष्टि का अविच्छन्न प्रवाह है। पीपल का पेड़ ढह जाए,उसका बीज वहीं और कई जगह उग आता है। पीपल के पेड़ की जड़ों पर सिर टेके श्रीकृष्ण ने जरा का तीर झेला और अपनी लीला समेटी। उस स्थान पर पीपल का पेड़ बना रहा, एक साल बाढ़ में ढहा| बाद में उसी स्थान पर स्वर्गीय अज्ञेय ने वृंदावन से पीपल का पौधा ले जाकर भागवत भूमि यात्रा के अवसर पर लगाया था|

प्रश्न -

(क) शंकराचार्य ने अश्वत्थ किसे कहा है और क्यों? (2)

(ख) गाँव में लोग पीपल को वासुदेव क्यों कहते हैं? (2)

(ग) पीपल के पेड़ पर मरे व्यक्ति का घट क्यों बाँधा जाता है? (2)

(घ) अज्ञेय ने पीपल का पेड़ किस स्थान पर लगाया था और क्यों? (2)

(ङ) पीपल की समानता किस पेड़ से की जाती है? (1)

(च) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

## खंड - 'ख'

(2) शब्द व पद के अंतर को उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए| (1)

(3) निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए- (3)

क. धनी व्यक्ति हर चीज़ खरीद सकता है| (मिश्र वाक्य)

ख. सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और गाड़ी में बैठाकर लालबाज़ार लॉकअप में भेज दिया (सरल वाक्य)

ग. ततौंरा को देखकर वह फूटकर रोने लगी| (संयुक्त वाक्य)

(4) (क) निम्नलिखित समस्तपदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम बताइए- (2)

(1) सत्याग्रह (2) नीलकंठ

(ख) समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए- (2)

(1) देश में अटन (2) कनक के समान लता

(5) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए- (4)

(क) हलवाई ने मुझे दूध पिया|

(ख) मैं कल प्रात:काल के समय आ जाऊँगा|

(ग) मैंने किताब लाना भूल गया|

(घ) उसने अपनी बात सप्रमाण सहित रखा|

(6) उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- (4)

(क) वज़ीर अली पुलिस की ................. झोंक कर भाग गया|

(ख) तुम तो ......................हो, कभी कोई काम ठीक से नहीं करते|

(ग) ततौंरा और वामीरो को साथ देखकर वामीरो की माँ .................... उठी|

(घ) कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिए हिन्दू-मुसलमान के बीच ................कर देते हैं|

## खंड - 'ग'

(7) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए| (6)

(क) 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर बताइये कि लेखक की पत्नी को खिड़की में जाली क्यों लगवानी पड़ी?

(ख) सआदत अली कौन था? उसने वज़ीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों समझा?

(ग) निकोबार द्वीप समूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का क्या विश्वास है?

(घ) पुलिस कमिश्नर के नोटिस और कौंसिल के नोटिस में क्या अंतर था?

(8) बड़े भाई साहब पाठ में लेखक ने समूची शिक्षा के किन तौर-तरीकों पर व्यंग्य किया है? क्या आप उनके विचार से सहमत हैं? (5)

अथवा

बड़े भाई की डाँट-फटकार अगर न मिलती तो क्या छोटा भाई कक्षा में अव्वल आता? अपने विचार प्रकट कीजिए।

(9) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए| (6)

(क) कंपनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है?

(ख) बिहारी कवि ने सभी की उपस्थिति में भी कैसे बात की जा सकती है, इसका वर्णन किस प्रकार किया है? अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रुप-सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है?

(घ) संसार में सुखी व्यक्ति कौन है और दुखी कौन? यहाँ 'सोना' और 'जागना' किसके प्रतीक हैं? इसका प्रयोग यहाँ क्यों किया गया है? स्पष्ट कीजिए।

(10) पावस ऋतु में प्रकृति में कौन-कौन परिवर्तन आते हैं? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए? (5)

अथवा

'आत्मत्राण' शीर्षक की सार्थकता कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

(11) (क) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर अपने विचार प्रकट कीजिए। (3)

(ख) 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर पीटी सर की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (3)

## खंड - घ

(12) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए| (6)

(क) विज्ञान के आधुनिक चमत्कार

- मानव जीवन और विज्ञान
- आधुनिक आविष्कार
- लाभ-हानि

(ख) इंटरनेट : एक संचार क्रांति

- संचार-जगत में क्रांति
- ज्ञान का भंडार
- शिक्षा में सहायक
- लाभ-हानि

(ग) दहेज प्रथा-एक अभिशाप

- सामाजिक समस्या
- रोकथाम के उपाय
- युवकों का कर्त्तव्य

(13) रिलायंस कंपनी में क्लर्क के रिक्त-पद की पूर्ति हेतु आवेदन-पत्र लिखिए| (5)

अथवा

अनियमित डाक-वितरण में सुधार हेतु अपने क्षेत्र के डाकपाल को पत्र लिखिए|

(14) अपने विद्यालय के साहित्य संगठन का अध्यक्ष होने के नाते छात्रों को काव्य प्रतियोगिता आयोजन की सूचना 40 से 50 शब्दों में दीजिए| (5)

अथवा

संजय युवा क्लव, अहमदाबाद के सचिव संजय पाण्डेय की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित हेल्थ चेक-अप शिविर का आयोजन का उल्लेख करते हुए 40 से 50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए|

(15) दिन-प्रतिदिन बढ़ती हुई महँगाई को लेकर सीता और गीता के बीच के हुई बातचीत को 50-60 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए| (5)

अथवा

कक्षा-1 और कक्षा-2 के विद्यार्थियों को अब होमवर्क नहीं दिया जाएगा| इस विषय पर दो विद्यार्थियों के संवाद को 50-60 शब्दों में लिखिए|

(16) 'टाटा नमक' के लिए 25-50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए| (5)

अथवा

'लवली' केश तेल हेतु 25-50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए|

♫♫♫♫♫♫♫ ☺ ♫♫♫♫♫♫♫